(ख) आज तक कितनी परियोजनाओं को कार्यान्वित किया गया है ?

योजना और कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्रीमती रत्नामाला देहरेश्वर सवनूर) : (क) और (ख) संसद सदस्य स्थानीय क्षेत्र विकास योजना के अंतर्गत 1993-94 से 1996-97 के वर्षों के लिए दरभंगा निर्वाचन क्षेत्र के सांसद श्री. अली अशरफ फातमी के लिए 305 लाख रुपये की राशि की स्वीकृति दी गई थी, जिसमें से 168.68 लाख रुपये खर्च किए जा चुके हैं एवं 313 योजनाएं पूरी की जा चुकी हैं ।

शहरी क्षेत्रों में निर्धन तथा धनी लोगों का मूल्यांकन

2606. **श्री राम जेठमलानी** : क्या प्रधान मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या सरकार ने देश के शहरी क्षेत्रों में गरीबी की रेखा से नीचे रहने वाले लोगों तथा अत्यधिक धनी लोगों के संबंध में कोई मूल्यांकन किया है ;

(ख) यदि हां, तो इन दोनों वर्गों के लोगों की संख्या कितनी-कितनी है ;

(ग) शेष वर्गों की वार्षिक आय का प्रक्षेपित आंकलन क्या है ; और

(घ) यदि सरकार द्वारा ऐसा कोई मूल्यांकन नहीं किया गया है तो इसके क्या कारण हैं ?

योजना और कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्रीमती रत्नमाला देहरेश्वर सवनूर) : (क) नवीनतम अनुमानों के अनुसार, 1993-94 में प्रतिमाह प्रतिव्यक्ति के 281.35 रुपये के उपभोग व्यय के वर्ग में, 32.36 प्रतिशत शहरी जनसंख्या गरीबी रेखा के नीचे रह रही थी । अत्यधिक धनी लोगों की कोई मानक परिभाषा नहीं है । हालांकि 1993-94 के उपभोक्ता व्यय पर राष्ट्रीय प्रतिदर्श सर्वेक्षण आंकड़ों के अनुसार शहरी क्षेत्रों में 4.9 प्रतिशत लोगों को, 1055 रुपये से अधिक प्रतिमाह के प्रतिमाह प्रति-व्यक्ति व्यय के उच्च व्यय कोष्ठक में वर्गीकृत किया गया है ।

(ख) 1993-94 में, शहरी क्षेत्रों में गरीबी की संख्या के 76.34 मिलियन होने का अनुमान है । शहरी क्षेत्रों में ही, 1055 रुपये से अधिक के प्रतिमाह प्रति व्यक्ति उपभोक्ता व्यय करने वाले लोगों की संख्या 11.56 मिलियन है ।

(ग) और (घ) आय पर जानकारी उपलब्ध नहीं है । वर्ष 1993-94 में शहरी क्षेत्रों में, शेष 62.74 प्रतिशत जनसंख्या का प्रति व्यक्ति उपभोग 492 रुपये प्रतिमाह था ।

विकास हेतु पहचाने गए प्राथमिकता क्षेत्र

2607. **श्री राम जेठमलानी** : क्या प्रधान मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि

(क) क्या सरकार ने नौवीं पंचवर्षीय योजना के दौरान विकास के प्रयोजनार्थ प्राथमिक क्षेत्रों की पहचान की है ;

(ख) यदि हां, तो ये क्षेत्र कौन-कौन से हैं, और

(ग) इन प्राथमिक क्षेत्रों को किस क्रम में अनुमोदित किये जाने का निर्णय लिया गया है ?

योजना और कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्रीमती रत्नमाला देहरेश्वर सवनूर) : (क) और (ख) जी, हां । पर्याप्त उत्पादक रोजगार सृजित करने और गरीबी उन्मूलन को ध्यान में रखते हुए कृषि और ग्रामीण विकास को प्राथमिकता दी जानी है । मुख्यतः पेयजल बुनियादी स्वास्थ्य सुविधाएं, सार्वभौमिक प्राथमिक शिक्षा आवास और सर्वव्यापी सम्पर्क को बुनियादी न्यूनतम सेवाएं जो कोई योजना होने ध्यान के महत्वपूर्ण क्षेत्र हैं ।